खराब गुलाब जामुन व 350 किलो मिठाई को नष्ट करवाया

- गांव 23 एसटीबी घमंडिया के कार्तिक प्रोविजन स्टोर से ओम कृष्णा घी का सैम्पल लेकर 32 लीटर घी सीज किया

श्रीगंगानगर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। त्योहारी सीजन के चलते अलग-अलग तीन टीमें गठित कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेने के साथ ही अशुद्ध खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट करवाया जा रहा है।

वहीं आमजन को घर पर बने खाद्य पदार्थ खाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस दीवाली नियमित खाद्य तेल में दस फीसदी कटौती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला कलेक्टर डॉ. मंजू के निर्देशों पर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान लगातार जारी है। टीमें जिला मुख्यालय से लेकर गांव कस्बों तक जाकर खाद्य पदार्थ बेचने वालों का निरीक्षण करने के साथ ही सैम्पल लेने व खराब खाद्य पदार्थ मौके पर ही नष्ट करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि टीम में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंवर पाल सिंह, हंसराज गोदारा एवं हेतराम खुडिया ने पुरानी आबादी स्थित रवि स्वीट्स एंड रबड़ी से गुलाब जामुन व मावा, संतोषी माता मंदिर मार्ग स्थित स्पेशल बर्फी हाउस से बर्फी, पदमपुर मार्ग स्थित रॉयल स्वीट हाउस से खुरमानी, चहल चौक स्थित सिकंदर पनीर एंड स्वीट कॉर्नर से मावा व नारियल बर्फी, सुरेश कुमार मोबाइल दूध विक्रेता से गाय का दूध और पुरानी धान मंडी स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार से बालूशाही मिठाई और चॉकलेट बर्फी का सैम्पल लिया।

यहां विभिन्न मिष्ठान भंडार से खराब एवं कीट तैरते गुलाब जामुन, रसभरी व चमचम आदि मिलने पर 350 किलो मिठाई एवं 70 किलो खराब चाशनी मौके पर ही नष्ट करवाई। वहीं गांव 23 एसटीबी घमंडिया के कार्तिक प्रोविजन स्टोर से ओम कृष्णा घी का सैम्पल लेकर 32 लीटर घी सीज किया।

इसी तरह जैतसर में बीआरएस ब्रांड का मैसर्स बीआरएस प्रोडक्ट्स के गोदाम से पतीसा मिठाई का सैम्पल लिया गया। यहां मात्र 72 रूपए किलो बिक्री, मिलावट की आशंका एवं अधिक रंग के कारण 237 किलो पतीसा मिठाई का सैम्पल लेते हुए सीज किया गया। सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि विभागीय टीम ने 76 पी ब्लॉक स्थित अंबर मिष्ठान भंडार से मावा का सैम्पल लिया एवं यहां 100 किलो खराब मिठाई एवं चासनी नष्ट करवाई।

मीरा चौक स्थित श्री अंबिका जोधपुर मिष्ठान भंडार से कलाकंद मिठाई का सैम्पल, एसएसबी रोड स्थित नव स्वीट एंड बेकर्स से बेसन बर्फी व मिल्क केक का सैम्पल, राधेश्याम मार्ग पर स्थित आनंदम रेस्टोरेंट के सामने आनंदम मिष्ठान भंडार से गुलाब जामुन का सैम्पल एवं 80 किलो खराब पेठा नष्ट करवाया और 143 पी ब्लॉक स्थित श्री ओम स्वीट कॉर्नर से दाल पिन्नी व कलाकंद का सैम्पल लेते हुए 30 किलो खराब तेल नष्ट करवाया। विभाग ने आमजन से पुनः अपील की है कि वे घर पर बने खाद्य पदार्थ ही खाएं। अवधिपार खाद्य पदार्थ बेचने वालों की शिकायत 9351504313 पर व्हाट्स एप करें।

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 20 नवम्बर से

श्रीगंगानगर,(कासं)। शिक्षा विभाग ने दिसम्बर में प्रस्तावित अर्द्धवार्षिक परीक्षा को अब नवम्बर में करवाने का निर्णय लिया है। 12-24 दिसम्बर को प्रस्तावित अर्द्धवार्षिक परीक्षा अब 20 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक आयोजित की जायेगी।

इस संबंध में जल्द ही शिविरा पंचांग में संशोधन किया जायेगा। विभाग के अनुसार नए जिलों के गठन के बाद पहली बार राज्य में 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 41 जिलों के आधार पर होगी। हालांकि शिक्षा विभाग ने पिछले साल भी 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा राज्य समान परीक्षा योजना के तहत समान पेपर व एक ही समान टाइम टेबल से करवाई थी। लेकिन नए जिलों का डेटा अपडेट नहीं होने के कारण परीक्षा पिछले साल 33 जिलों के आधार पर हुई। अब शिक्षा विभाग में नए जिलों का डेटा शाला दर्पण पोर्टल पर अपडेट करवाया है।

अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तिथि में बदलाव की तैयारी के चलते शिक्षा विभाग ने भी अब परीक्षा की तैयारियों को तेज कर दिया है। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न-पत्रों की छपाई से पहले विद्यालय, कक्षा तथा विषय वार विद्यार्थियों की संख्या का वेरिफिकेशन संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों से कराने के निर्देश दिए हैं। पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर ने राज्य समान परीक्षा को लेकर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में पत्र जारी कर दिए गए हैं। संबंधित स्कूलों की ओर से 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का डेटा पोर्टल पर अपडेट कर दिया गया है।

सी.एम.से मिली कुलगुरू विमला डूंकवाल

बीकानेर, (कासं)। खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल और कोटा कृषि विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलगुरू प्रो. विमला डूंकवाल ने रविवार को जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की।

विधायक डॉ. मेघवाल ने डॉ. डूंकवाल को कुलगुरू बनाए जाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया तथा उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी।

विधायक ने मुख्यमंत्री से खाजूवाला के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में प्रगतिरत कार्यों के बारे में बताया।

नोखा में 22 को बंद रहेंगे परचून की दुकानें

नोखा, (कासं)। परचून व्यापार मंडल समिति ने 22 अक्टूबर को अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया है। यह फैसला दिवाली के अगले दिन रामा-श्यामा के चलते लिया गया है।

मंडल के अध्यक्ष बजरंग पाणेचा ने बताया कि 21 अक्टूबर को दिवाली का पर्व है, जिसके बाद 22 अक्टूबर को रामा-श्यामा का दौर चलता है। इस दौरान लोग एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं देते हैं और त्योहार मनाते हैं।

आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों से लोग परचून का सामान खरीदने के लिए नोखा कस्बे में आते हैं। दिवाली के पर्व के अवसर पर ग्रामीणों की सुविधा और व्यापारियों को भी त्योहार मनाने का अवसर देने के लिए समिति के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से ये निर्णय लिया है।

मंडल ने अपने सभी सदस्यों और व्यापारियों से 22 अक्टूबर को अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का आग्रह किया है। इस दिन परचून व्यापार मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

तेजी से फैल रहा डेंगू का कहर, 17 दिन में 161 रोगी रिपोर्ट हुए

- जिले में अक्टूबर माह में अब तक 161 केस रिपोर्ट हो चुके हैं
- पॉजिटिविटी रेट 11 प्रतिशत हो गई है

बीकानेर, (कासं)। मानसून बीतने के बाद डेंगू तेजी से फैल रहा है। जिले में अक्टूबर माह में अब तक 161 केस रिपोर्ट हो चुके हैं। पॉजिटिविटी रेट 11 प्रतिशत हो गई है। हालांकि पिछले साल की तुलना में काफी कम है। अक्टूबर 2024 में 471 केस आये थे।

डेंगू के मामले में सीएमएचओ और पीबीएम हॉस्पिटल की रिपोर्टिंग अलग-अलग है। संख्या में भी फर्क है। क्योंकि पीबीएम में संभाग के अन्य जिलों के भी रोगी आते हैं, जिनकी रिपोर्ट सीएमएचओ को नहीं की जाती। इस लिहाज से सीएमएचओ के आंकड़ों में अब तक 1466 मरीजों के सैम्पलों की जांच की गई थी, जिसमें 161 केस पॉजिटिव आए हैं।

यानी पॉजिटिविटी रेट करीब 11 प्रतिशत है, जबकि सितम्बर माह में 95 रोगी ही रिपोर्ट हुए थे। इस महीने के 17 दिन में ही रोगियों की संख्या अचानक बढ़ी है। इस पूरे साल में अब तक 336 केस आये हैं। जबकि पीबीएम की रिपोर्ट में पॉजिटिव केस 364 हैं। डेंगू से दूसरे जिलों के दो लोगों की मौत अब तक हुई है। डेंगू रोगियों की संख्या अब बढ़ने लगी है। पीबीएम हॉस्पिटल में शुक्रवार को 129 रोगियों की जांच में 13 रोगी डेंगू के मिले हैं। एक ही दिन में इतने रोगी आने से डॉक्टरों की चिंता भी बढ़ रही है।

हॉस्पिटल का मेडिसिन वार्ड फुल होने लगा है। पिछले दिनों चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने भी वीसी के दौरान बीकानेर में डेंगू सबसे ज्यादा फैलने पर चिंता जताई थी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बीकानेर के बाद बाड़मेर 38, श्रीगंगानगर 37 और जयपुर में 34 केस ही रिपोर्ट हुए हैं।

डेंगू हाई रिस्क एरिया में गंगाशहर, बीछवाल, कैलाशपुरी, वार्ड 36, वार्ड 68, बेनीसर वार्ड 5, वार्ड 63 और सुभाषपुरा मोहल्ले में डेंगू के मरीज सबसे ज्यादा मिले हैं।

गोचर बचाओ आंदोलन को लेकर जनसंपर्क

बीकानेर, (कासं)। गोचर- ओरण व गाय और पर्यावरण बचाओ आंदोलन के लिए 23 अक्टूबर की मीटिंग को लेकर आज विभिन्न सामाजिक व जन संगठनों से व आमजन हेतु संघर्ष करने वाले बीकानेर के प्रबुद्ध नागरिकों, संस्थाओं से संपर्क किया गया।

बीकानेर जिले के 188 गांव में बीडीए द्वारा की जा रही अधिग्रहण कार्रवाई को अवैध बताते हुए गोचर और गाय को बचाने के आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें।

खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट बजरंग छींपा ने बताया कि 23 अक्टूबर को आयोजित इस बैठक में आंदोलन को विस्तृत रूप दिया जायेगा।

इस आंदोलन को बीकानेर के आमजन तक पहुंचाने के लिए आगामी कार्रवाई के लिए विचार विमर्श किया जायेगा।

अखिल भारतीय खेत मजदूरी यूनियन की आंदोलन हेतु संपर्क कमेटी सदस्य बजरंग छिपा, रमेश मित्तड, मुकेश मेघवाल, महेन्द्र बारूपाल ओमप्रकाश मेहरडा, भरतराम व शीशपाल नायक आदि ने जनसंपर्क किया।

पटरियों के पास मिले 2 लोगों के शव

बीकानेर, (कासं)। यहां अलग-अलग स्थानों पर 2 लोगों के शव रेल पटरियों के पास मिले हैं। दोनों में एक की शिनाख्त हो गई है। जबकि दूसरे की पुष्टि की जा रही है। फिलहाल एक शव पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में और दूसरे को देशनोक अस्पताल की मोर्चरी में रखा है, जहां पोस्टमॉर्टम किया जायेगा।

बीकानेर के समाजसेवी राजकुमार खड़गावत ने बताया कि देर रात करीब 2 बजे एक युवक के ट्रेन की पटरियों के पास मृत अवस्था में मिलने की सूचना आई। घटना उदयरामसर रेलवे फाटक से करीब एक किलोमीटर आगे देशनोक की तरफ की है। यहां एक युवक मृत अवस्था में मिला, जो पटरियों पर कट गया। उसके पास मिले दस्तावेजों में भोला कुमार पुत्र शंकर लाल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी उकलाना, हिसार लिखा हुआ है।

ये पता लगाया जा रहा है कि मृतक भोला कुमार ही है या कोई और है। सूचना मिलने पर खिदमतगार खादिम सोसायटी व असहाय सेवा संस्थान के सेवादार शोएब व राजकुमार खड़गावत एम्बुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। देशनोक थाना व गंगाशहर थाना पुलिस मय पुलिस टीम की निगरानी में शव को पीबीएम अस्पताल मोर्चरी में रखवाया। रविवार सुबह करीब 5.30 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। ये घटना देशनोक पुलिया के नीचे रेलवे स्टेशन फाटक के पास की है। मृतक का नाम भानीराम पुत्र लिच्छूराम उम्र करीब 65 वर्ष निवासी नेहरू बस्ती देशनोक का है। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए।

संस्कार निर्माण शिविर

नोखा, यहा जोरावरपुरा तेरापंथ भवन में आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी बसंत प्रभा जी आदि ठाणा-4 के सानिध्य में त्रिदिवसीय ज्ञानशाला ज्ञानार्थियों के लिए सुसंस्कार निर्माण शिविर का आयोजन किया गया।

सार-समाचार

मंत्रों के जाप के साथ महालक्ष्मी पूजन

बीकानेर, (कासं)। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, साध्वीश्री दीपमाला, शंखनिधि श्रीजी के सानिध्य में रविवार को शिव वैली के कला मंदिर परिसर में श्री महालक्ष्मी पूजन विधि विधान से भक्ति गीतों व मंत्रों के जाप के साथ किया गया। पूजन में 151 जोड़ों ने श्रद्धा, भक्ति के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई की ओर से प्रकाशित पंचांग का विमोचन किया गया। महालक्ष्मी पूजन में सहभागिता निभाने वालों का अभिनंदन किया गया। खरतरगच्छ युवा परिषद की स्थानीय इकाई अध्यक्ष अनिल सुराणा ने बताया कि अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद, महिला परिषद की बीकानेर इकाई, सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट व ज्ञान वाटिका के संयुक्त तत्वावधान में हुए पूजन के लाभार्थी हुलासी देवी, पुखराज, ललित, नरेन्द्र व वीरेन्द्र पुगलिया का अभिनंदन किया गया। पूजा में हिस्सा लेने वाले श्रावक-श्राविकाओं को पूजन की सामग्री में महालक्ष्मी का 'ऊ ही श्री अर्हम नम' व ऊं ह्रीं श्रीं कमले प्रसीद प्रसीद महालक्ष्मी देव्ये नमः' मंत्र अंकित गज लक्ष्मी का चित्र, प्रतिमा, यंत्र, वासक्षेप व रक्षासूत्र आदि सामग्री भेंट की गई। पूजन के दौरान गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, वरिष्ठ गायक मगन कोचर व सुनील पारख ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। वहीं सिरोही के विधिकारक प्रकाश गुरू ने विधि विधान से पूजन करवाया। जल, चंदन, फल, फूल, धूप, अक्षत, दीप व नैवेद्य आदि पूजन के दौरान राग दीपक, मालकोष आदि में भक्ति गीत गाए गए तथा सामूहिक मंत्रों का जाप करवाया गया। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने पूजन के दौरान प्रवचन में कहा कि सुख, सम्पत्ति, धन, वैभव व समृद्धि तथा शक्ति पुण्य का परिणाम है। पुण्य बिना आया हुआ धन भी नहीं टिकता। जिन शासन ने यथा शक्ति के अनुसार सभी कार्य करने का संदेश दिया। शक्ति को पहचान कर धर्म व शासन तथा प्राणी मात्र के कल्याण के लिए कार्य करें। नीति से धनोपार्जन कर धन शक्ति का सदुपयोग करें।

कमला देवी के निधन पर शोक जतया

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने रविवार को आचार्यों के चौक पहुंचकर कमला देवी आचार्य के निधन पर संवेदना जताई। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे चांदरतन आचार्य की धर्मपत्नी कमला देवी का गत दिनों निधन हो गया था। मेघवाल ने उनके पुत्र तथा कर्मचारी नेता रहे बृजराज आचार्य, शिवकुमार आचार्य, महेश कुमार आचार्य तथा भास्कर आचार्य सहित अन्य परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, गुमान सिंह राजपुरोहित, अशोक प्रजापत, कमल आचार्य आदि साथ रहे। मेघवाल ने साले ही होली पहुंचकर सुशीला देवी जोशी के निधन पर भी सांत्वना जताई। वह पूर्व पार्षद गोकुल जोशी की भाभी थी।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2025/1395 **विज्ञप्ति** दिनांक : 17.10.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 81 के किला नं. 2, 3 में जारी व्यावसायिक पट्टो का एकीकरण कर पुनर्गठन करने बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 81 के किला नं. 3 में व्यावसायिक पट्टा विलेख न्यास कार्यालय द्वारा निशा देवी पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार के नाम से (3 पट्टे) निम्नानुसार जारी है :-

क्र.सं.	चक	मुरब्बा नं.	किला नं.	भू. सं.	क्षेत्रफल	पट्टा सं.	दिनांक
1	2 ई छोटी	81	3	2	25'-0'' X 100'-0''	14645	09.05.2022
2	2 ई छोटी	81	3	3	25'-0'' X 100'-0''	14646	09.05.2022
3	2 ई छोटी	81	3	4	25'-0'' X 100'-0''	14655	09.05.2022

चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 81 के किला नं. 3 एवं किला नं. 2, 3 में व्यावसायिक पट्टा विलेख न्यास कार्यालय द्वारा पूजा चौधरी पुत्री श्री नरेन्द्र चौधरी के नाम से (3 पट्टे) निम्नानुसार जारी है :-

क्र.सं.	चक	मुरब्बा नं.	किला नं.	भू. सं.	क्षेत्रफल	पट्टा सं.	दिनांक
1	2 ई छोटी	81	3	5	25'-0'' X 100'-0''	14644	09.05.2022
2	2 ई छोटी	81	3	6	25'-0'' X 100'-0''	14647	09.05.2022
3	2 ई छोटी	81	3	7	25'-0'' X 100'-0''	14643	09.05.2022

चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 81 के किला नं. 2 में व्यावसायिक पट्टा विलेख न्यास कार्यालय द्वारा अमनदीप श्री नरेन्द्र कुमार के नाम से (4 पट्टे) निम्नानुसार जारी है :-

क्र.सं.	चक	मुरब्बा नं.	किला नं.	भू. सं.	क्षेत्रफल	पट्टा सं.	दिनांक
1	2 ई छोटी	81	2,3	8	25'-0'' X 100'-0''	14652	09.05.2022
2	2 ई छोटी	81	2	9	25'-0'' X 100'-0''	14654	09.05.2022
3	2 ई छोटी	81	2	10	25'-0'' X 100'-0''	14656	09.05.2022
4	2 ई छोटी	81	2	11	25'-0'' X 100'-0''	14653	09.05.2022

आवेदक निशा देवी पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार, पूजा चौधरी पुत्री श्री नरेन्द्र चौधरी एवं अमनदीप पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से उपरोक्तानुसार मूल व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 क्षेत्रफल 250'-0'' X 100'-0'' फीट का पुनर्गठन बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णित व्यावसायिक भूखण्डों के एकीकरण/पुनर्गठन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 07 दिवस पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

-सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, नोखा (बीकानेर)

दीपावली के पावन पर्व पर

सभी शहरवासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं

श्री भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री
राजस्थान

श्री नारायण झंवर
अध्यक्ष
नगरपालिका मण्डल, नोखा

अपील

- राजस्थान सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक फायदा उठावें।
- मुख्यमंत्री सघन पोधारोपण अभियान के तहत 'हरियालो राजस्थान'
- अपने नजदीक ई-मित्र पर जाकर पेंशन सत्यापन जरूर कराएं।
- मुख्यमंत्री जल स्वावलंबी अभियान
- 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत सभी करें वृक्षारोपण
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस एवं तरल कचरा का प्रबंधन करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मण्डल, नोखा (बीकानेर)

अध्यक्ष
नगरपालिका मण्डल, नोखा (बीकानेर)

समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण, नगर पालिका मण्डल, नोखा (बीकानेर)